# UNIVERSITY NEWS 25 FEBRUARY 2026

## I NEXT

# इंटर हॉस्टल फेस्टिवल में सजी शायरी की महफिल




### गर्ल्स में लावण्या हॉल और बॉयज में एचजेबी हॉल फर्स्ट

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (24 Feb):** लखनऊ यूनिवर्सिटी में इंटर हॉस्टल फेस्ट के चौथे दिन स्टूडेंट्स नें शेरो शायरी के जरिए अंदाज ए बयां पेश किया. मंगलवार को यूनिवर्सिटी के चंद्रशेखर आजाद हॉस्टल में अलग-अलग हॉस्टल्स के स्टूडेंट्स इकठ्ठा हुए जहां पर दोपहर 1 बजे से काव्य सत्र की शुरुआत हुई. काव्य सत्र में स्टूडेंट्स ने अपनी खुद की लिखी कविताएं पेश कीं. इसके बाद शाम 4 बजे से मुशायरे की शुरुआत हुई, जिसमें स्टूडेंट्स की गजलों और नजमों ने महफिल लूट ली.

### जहांगीर भाभा हॉस्टल फर्स्ट

काव्य प्रतियोगिता के अंतर्गत बॉयज में होमी जहांगीर भाभा हॉस्टल ने फर्स्ट, एलबीएस ने सेकेंड और महमूदाबाद एवं सुभाष हॉस्टल ने थर्ड पोजीशन हासिल की. जबकि गर्ल्स में लावण्या हॉस्टल ने फर्स्ट, बीआर अंबेडकर हॉस्टल ने सेकेंड और कैलाश हॉल ने थर्ड पोजीशन हासिल की. कैलाश की एक स्टूडेंट को संयुक्त रूप से सेकेंड पोजीशन पर भी रही.

## NBT

# घर सिर्फ मकान नहीं, संवेदना, बचपन की यादें, जीवन का अंग



■ **NBT न्यूज, लखनऊ:** ललित कला संकाय, कला एवं शिल्प महाविद्यालय में मंगलवार को आयोजित इंटरैक्टिव आर्ट इंस्टॉलेशन में छात्रों ने कला के माध्यम से समाज से गहन संवाद स्थापित किया। इस इंस्टॉलेशन में 'घर' को महज एक मकान नहीं, बल्कि संवेदना, बचपन की यादें, परिवार की आत्मीयता और जीवन का अभिन्न अंग बताया गया।

कला एवं शिल्प महाविद्यालय की यह पहल आम जनमानस को कला से जोड़ने और संवेदनशील संवाद स्थापित करने की उसकी परंपरा को मजबूत करती है। 'घर' की अवधारणा पर यह इंस्टॉलेशन याद दिलाता है कि घर केवल ईंट-गारे का ढांचा नहीं, बल्कि स्मृतियों, प्रेम और आश्रय की वह जगह है जो कभी नहीं छूटती।

**इंटरैक्टिव आर्ट इंस्टॉलेशन ने दिलों को छुआ**

आयोजन में महाविद्यालय के डीन रतन कुमार, रवि कांत पांडेय, अतुल हुंडू, अजय कुमार, भूपेंद्र कुमार अस्थाना, गौरव मिश्रा, धीरज यादव, प्रो. राकेश चंद्रा, दिवाकर आचार्य, जाह्नवी आचार्य, रवि अग्रहरि, अंबरीष मिश्रा सहित सभी अध्यापक और छात्र सक्रिय रूप से शामिल रहे।